हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार 16 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 12.5 डिग्री

11 ऑल इंडिया खेल प्रतियोगिता संपन्न ...


12 रेलवे स्टेशन पर लाखों की प्लास्टिक रिसाइकिल ...


## प्रशासन ने तेल कंपनियों को सिलेंडर की सप्लाई बढ़ाने के दिए निर्देश

# इमरजेंसी सेवाओं के लिए एलपीजी स्टॉक के 20 प्रतिशत घरेलू सिलेंडर दिए जाएंगे, रविवार को 9500 लोगों की थी बुकिंग, 7482 को मिली गैस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सरकार ने एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए नया निर्देश जारी किया है। इसके तहत गैस एजेंसियों को अपने उपलब्ध घरेलू एलपीजी स्टॉक का 20 प्रतिशत हिस्सा इमरजेंसी सेवाओं के लिए आरक्षित रखना होगा। इन का उपयोग अस्पतालों, नर्सिंग होम, शिक्षण संस्थानों के हॉस्टल मैस से जुड़ी सेवाओं और अन्य जरूरी संस्थानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए किया जाएगा। निर्देशों में कहा गया है कि आपात स्थिति में इन सेवाओं को गैस की आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसलिए एजेंसियां अलग से स्टॉक बनाए रखें। इस व्यवस्था से आवश्यक सेवाओं में गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी और आपूर्ति व्यवस्था पर बेहतर नियंत्रण रखा जा सकेगा।

गैस सिलेंडर के लिए लगी लाइन...


### राहत: घरेलू गैस सिलेंडरों की सप्लाई सामान्य रही

जिले में रविवार को घरेलू गैस सिलेंडरों की सप्लाई सामान्य रही। हालांकि बुकिंग के मुकाबले कुछ उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं मिल पाए। जिले में रविवार को कुल 9500 उपभोक्ताओं ने गैस सिलेंडर की बुकिंग करवाई थी, जबकि गैस एजेंसियों की ओर से 7482 सिलेंडर उपभोक्ताओं को दिए गए। रविवार शाम को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के मुताबिक जानकारी के अनुसार जिले में करीब 11000 घरेलू गैस सिलेंडर का स्टॉक मौजूद हैं। ऐसे में जिन उपभोक्ताओं को रविवार को सिलेंडर की डिलीवरी नहीं मिल पाई, उन्हें सोमवार को प्राथमिकता के आधार पर सप्लाई दी जाएगी।

### 11 हजार सिलेंडर स्टॉक में

अधिकारियों का कहना है कि 6000 और सिलेंडर सोमवार तक गैस एजेंसियों के पास पहुंच जाएंगे। लेकिन इन्हें स्टॉक में तभी लिया जाएगा, जब रविवार के स्टॉक में 6000 कम होंगे। कहने का मतलब ये है कि 11 हजार सिलेंडर स्टॉक में रखे जाते हैं। इन 11 हजार का 20 प्रतिशत स्टॉक अस्पताल, स्कूल, हॉस्टल और जरूरी सेवाओं के लिए निर्धारित कर दिया गया है। यानी के इन संस्थानों को प्रशासन घरेलू सिलेंडर की सप्लाई देगा।

### 16 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

जैसा कि प्रशासन कह रहा है कि जिले में गैस की कमी जैसी कोई स्थिति नहीं है। सप्लाई व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। साथ ही घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए भी खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीमें कार्रवाई कर रही हैं। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम ने अभियान चलाते हुए रविवार को विभिन्न प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर 16 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। जांच के दौरान पाया गया कि इन सिलेंडरों का प्रयोग व्यवसायिक कार्यों में किया जा रहा था, जो नियमों के विरुद्ध है।

### नियमों की अनदेखी पर होगी कार्रवाई

अधिकारियों केअनुसार घरेलू गैस सिलेंडर केवल घरेलू उपयोग के लिए निर्धारित हैं, जबकि कुछ होटल, ढाबे और अन्य प्रतिष्ठान इनका उपयोग व्यवसायिक गतिविधियों में कर रहे थे। इसी को देखते हुए टीम ने कार्रवाई करते हुए सिलेंडर जब्त कर लिए। घरेलू गैस का कमर्शियल प्रयोग रोकने के लिए आगे भी अभियान जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। गए थे।

### सिलेंडरों की सप्लाई पर निगरानी

जिले में डीसी की अध्यक्षता में कमेटी बनाई जा रही है। जो कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की सप्लाई पर निगरानी रखेगी और जरूरत के हिसाब से आवंटन तय करेगी। डीसी को यह अधिकार दिया गया है कि स्थानीय जरूरत के अनुसार शादी-समारोह या अन्य जरूरी आयोजनों के लिए कमर्शियल सिलेंडर का आवंटन प्राथमिकता से कर सकें। जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को तेल कंपनियों के साथ समन्वय कर कम से कम 20 प्रतिशत एलपीजी स्टॉक रिजर्व रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### रोहतक में 13000 पीएनजी कनेक्शन, 11500 एक्टिव

शहर में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) का दायरा लगातार बढ़ रहा है। अब तक करीब 13 हजार पीएनजी कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं। इनमें से लगभग 11,500 कनेक्शन फिलहाल सक्रिय हैं और उपभोक्ता इनका नियमित रूप से इस्तेमाल कर रहे हैं। 1500 उपभोक्ता पीएनजी का कनेक्शन होने के बाद भी उसका प्रयोग नहीं कर रहे हैं। ये उपभोक्ता अभी भी एलपीजी का ही इस्तेमाल कर रहे हैं। 11500 उपभोक्ता पीएनजी पर निर्भर हो चुके हैं, लेकिन इन्होंने एलपीजी कनेक्शन विड्रा नहीं किए हैं।

### आपूर्ति व्यवस्था पर लगातार रखी जा रही है निगरानी

जिन गैस एजेंसियों पर घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की बुकिंग अधिक आ रही है, वहां उपभोक्ताओं को समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए तेल कंपनियों को सिलेंडरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।
*-हरिओम, निरीक्षक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग*

---

### शहर में आज

- ▶▶| किला रोड पर सेल्फी प्वाइंट का शुभारंभ शाम 4 बजे
- ▶▶| आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे

### खबर संक्षेप

#### युवक को चाकू मारकर किया घायल

**रोहतक।** डेयरी मोहल्ला निवासी एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया गया। घायल को उपचार के लिए पीजीआई भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, 34 वर्षीय मंदीप किसी काम से कच्चा चमारिया रोड की तरफ जा रहा था। जहां किसी व्यक्ति ने उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। उसे उपचार के लिए पीजीआई भर्ती कराया गया।

#### कार का शीशा तोड़कर फोन व नकदी चुराई

**सांपला।** सांपला क्षेत्र में ढाबे पर खड़ी कार का शीशा तोड़कर मोबाइल फोन और नकदी चोरी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के गजसिंहपुर निवासी प्रदीप सिंह ने बताया कि वह अपनी गाड़ी में सवारियां लेकर एयरपोर्ट की ओर जा रहे थे। रास्ते में चाय-पानी के लिए वह सांपला के एक ढाबे पर रुके थे। इसी दौरान दो अज्ञात युवक उनकी कार के पास पहुंचे और कार का शीशा तोड़कर अंदर रखा सामान चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार कार में रखे दो मोबाइल फोन, करीब दो हजार रुपये की नकदी और कुछ जरूरी दस्तावेज चोरी हो गए।



#### 1.123 किलोग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 किलो 123 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया, जहां से आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि लाखनमाजरा क्षेत्र का एक युवक नशीले पदार्थ बेचने का काम करता है और वह जींद-रोहतक रोड के पास अपनी गाड़ी में मौजूद है। गाड़ी के पास खड़े युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। पूछताछ में उसकी पहचान राकेश उर्फ राजेश पुत्र रमेश निवासी चांदी, हाल निवासी लाखनमाजरा के रूप में हुई। तलाशी के दौरान गाड़ी से 1 किलो 123 ग्राम चरस बरामद हुई।

---

▶▶ लोगों को जाम से मिलेगी राहत ▶▶ चार प्रमुख जगहों पर होगी पार्किंग

# सौगात: आंबेडकर चौक से दिल्ली बाइपास तक बनेगा एलिवेटेड रोड

- कम समय में पीजीआई पहुंच सकेंगी एम्बुलेंस और गाड़ियां
- मेडिकल मोड़ व डी-पार्क को ऐलिवेटेड रोड को एरिया से भी जोड़ा जाएगा
- अशोका चौक, डी पार्क, मेडिकल मोड़ और दिल्ली बाइपास पर बनेगी पार्किंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में ट्रैफिक जाम से राहत दिलाने और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आंबेडकर चौक से दिल्ली बाइपास तक एलिवेटेड रोड बनाने की योजना पर काम तेज हो गया है। नगर निगम द्वारा तैयार की गई इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत एलिवेटेड रोड के साथ-साथ चार प्रमुख स्थानों पर मल्टीस्टोरी पार्किंग बनाने की भी योजना है, जिससे बाजारों और मुख्य मार्गों पर खड़े वाहनों की समस्या भी कम होगी। खास बात यह है कि शहर से और दिल्ली की तरफ से आने वाली एम्बुलेंस को पीजीआई तक पहुंचाने के लिए भी मार्ग दिया जाएगा। इसके अलावा एलिवेटेड रोड को डी पार्क से जोड़ा जाएगा। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, इस परियोजना का प्रस्ताव नवंबर 2025 में हुई नगर निगम हाउस की बैठक में पास किया गया था। इसके बाद फाइल को मंजूरी के लिए हरियाणा सरकार के पास भेज दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि सरकार से जल्द ही इस परियोजना को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। मंजूरी मिलने के बाद इस पर करोड़ों रुपये खर्च कर काम शुरू किया जाएगा।



एआई जनरेटेड फोटो
कुछ ऐसे हो सकता एलिवेटेड रोड

### ट्रैफिक का दबाव घटेगा

दिल्ली और हिसार से आने-जाने वाले हजारों वाहन रोजाना शहर से होकर गुजरते हैं। ऐसे में शहर के मुख्य मार्गों पर अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। एलिवेटेड रोड बनने के बाद बाहरी वाहनों को शहर के अंदर प्रवेश किए बिना ही सीधे बाइपास तक पहुंचने का विकल्प मिलेगा। इससे शहर के अंदर ट्रैफिक का दबाव कम होगा।

### डीपीआर तैयार होगी

नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक परियोजना को अंतिम मंजूरी मिलने के बाद विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी। इसके बाद टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। अधिकारियों का मानना है कि यह परियोजना पूरी होने के बाद रोहतक की यातायात व्यवस्था में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

### इंजीनियरिंग टीम कर रही सर्वे

एलिवेटेड रोड की रूपरेखा तय करने के लिए फिलहाल सर्वे का काम किया जा रहा है। इंजीनियरिंग टीम यह अध्ययन कर रही है कि किस जगह से एलिवेटेड रोड शुरू होगा, किन स्थानों पर रैंप बनाए जाएंगे और किन क्षेत्रों से इसे जोड़ा जाएगा। इसके साथ-साथ ट्रैफिक दबाव और भविष्य की जरूरतों को भी ध्यान में रखा जा रहा है।

### यहां बनेंगी पार्किंग

प्रमुख स्थानों पर पार्किंग बनाने की तैयारी है। इनमें अशोका चौक, डी पार्क, मेडिकल मोड़ और दिल्ली बाईपास शामिल हैं। इन पार्किंग स्थलों के बनने से बाजारों और मुख्य सड़कों पर खड़े वाहनों की संख्या कम होगी, जिससे यातायात सुचारू रूप से चल सकेगा।

### यहां बनेंगे लिंक रोड

- डी पार्क और मेडिकल मोड़ से जोड़ा जाएगा। इससे शहर के अंदरूनी इलाकों से आने-जाने वाले लोगों को एलिवेटेड रोड का फायदा मिलेगा।
- एलिवेटेड रोड बनने के बाद एम्बुलेंस और मरीजों को जाम में फंसना नहीं पड़ेगा और वे कम समय में पीजीआईएमएस पहुंच सकेंगे।
- हजारों में आने वाले ग्राहकों को भी पार्किंग की सुविधा मिलने से खरीदारी करना आसान होगा। इसके अलावा भारी वाहनों और रोजाना आने-जाने वाले लोगों का समय भी बचेगा।


आंबेडकर चौक : यहां से शुरू होगा एलिवेटेड रोड

### बढ़ रहे ट्रैफिक को देखते हुए योजना जरूरी: ग्रोवर

शहर में लगातार बढ़ रहे ट्रैफिक को देखते हुए यह योजना बेहद जरूरी हो गई है। आंबेडकर चौक से दिल्ली बाइपास तक एलिवेटेड रोड बनने से दिल्ली और हिसार की ओर आने-जाने वाले वाहनों को सीधा और सुगम रास्ता मिलेगा। पहले आंबेडकर चौक से भिवानी चुंगी तक एलिवेटेड रोड का निर्माण कराया गया था, जिससे उस क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है। इस प्रस्ताव को नवम्बर 2025 में हुई नगर निगम हाउस की बैठक में भी पास किया जा चुका है। -**मनीष ग्रोवर**, पूर्व सहकारिता मंत्री

---

## हादसों में महिला सहित तीन की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक/ सांपला




जिले में अलग अलग हुए सड़क हादसों में एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो व्यक्ति घायल हो गए हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में उत्तर प्रदेश के जिला शाहजहांपुर के गांव रसूलपुर बुजुर्ग बेहटा समरकाद निवासी बीरू कुमार पुत्र मुंशी, जो वर्तमान में सांपला स्थित ओम साईं टाइल्स फैक्ट्री में रह रहा है। बताया कि 13 मार्च की रात करीब आठ बजे वह पत्नी किरण और ठेकेदार शिव कुमार के साथ पैदल फैक्ट्री की ओर जा रहा था। इसी दौरान दिल्ली की ओर से तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उसकी पत्नी किरण को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल किरण को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांपला लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर दिया। रोहतक ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर वाहन की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

### बाइक से गिरने पर व्यक्ति की मौत

आईएमटी थाना क्षेत्र में बाइक गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। मामले के अनुसार, जिज्ञासू निवासी मस्तनाथ नगर रोहतक आईएमटी में नट बोल्ट की फैक्टरी में काम करता था। सुबह नौ बजे आईएमटी क्षेत्र में बाइक गिरने से वह घायल हो गए। हादसे में गम्भीर चोट आने से उसकी मौत हो गई। वह इटावा का रहने वाला था। उसकी पत्नी और दो साल की बेटी है।

### सुनारिया चौक पर पिकअप डिवाइडर से टकराई, एक की मौत, दो घायल

आईएमटी थाना पुलिस को दी शिकायत में अमरजीत माझी निवासी गाव पंशिया दरभंगा बिहार ने बताया कि वह 8 साल से कबीर कालोनी रोहतक में किराये पर रहता है वह सुनारिया चौक के पास बुधवार टैंट हाउस में काम करता है। उसके साथ गांव के पड़ोसी गाव भच्छी के जयप्रकाश पासवान और शंकर भी कबीर नगर में किराये पर रहते हैं। नौ मार्च को वह सभी पिकअप में टैन्ट का सामान भरकर सुनारिया चौक से निकले थे। पिकअप चालक लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। उसने आईएमटी में गाड़ी को डिवाइडर से टकरा दिया, जिससे वह नीचे गिर गए। घायलों को उपचार के लिए पीजीआई भर्ती कराया, जहां जयप्रकाश पासवान की मौत हो गई और शंकर अभी भी दाखिल है।

---

## मस्जिद की दुकान विवाद में 6 पकड़े

- मुख्य आरोपी अब भी बाहर, विश्व हिंदू परिषद ने पुलिस की ढीली कार्रवाई पर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

सांपला में मस्जिद परिसर में पिछले करीब 15 वर्षों से दुकान चला रहे व्यापारी से जबरन दुकान खाली करवाने और उस पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने अब तक छह युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल है, जबकि तीन आरोपी अभी भी फरार बताए जा रहे हैं। मामले में मुख्य आरोपी को सहयोग देने के आरोप में सामने आए राजेंद्र टेलर की गिरफ्तारी न होने से व्यापारियों में भारी रोष बना हुआ है।

घटना को लेकर व्यापारियों ने बैठक कर पुलिस को सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दो दिन का अल्टीमेटम दिया था। व्यापारियों ने चेतावनी दी थी कि यदि तय समय में सभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो बाजार बंद कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। रविवार को व्यापारियों द्वारा दी गई समय सीमा पूरी हो गई, लेकिन मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से व्यापारियों की नाराजगी और बढ़ गई है। व्यापारियों का कहना है कि हमले से जुड़ी वायरल ऑडियो पुलिस को दो दिन पहले ही सौंप दी गई थी, जिसमें राजेंद्र टेलर मुख्य आरोपी का समर्थन करता सुनाई दे रहा है। अब तक उसकी गिरफ्तारी न होने से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं।

### आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द

थाना प्रभारी पीड़ित व्यापारी यशपाल बत्रा की दुकान पर पहुंचे और उन्हें आश्वस्त किया कि बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी भी जल्द कर ली जाएगी।
**-पंकज, थाना प्रभारी**

---

**मौसम** रोहतक 7, महम 5, सांपला 3 और लाखनमाजरा में 1 एमएम बरसात

## जिले में हल्की बूंदाबांदी, अभी फसलों पर खतरा बरकरार, 17 को फिर सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ

- एकाएक मौसम में आए बदलाव से किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शनिवार-रविवार की रात पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने पर मौसम बदला। जिससे रोहतक खंड में 7, महम में 5, सांपला में 3 और लाखनमाजरा ब्लॉक एरिया में 1 एमएम बरसात हुई। जबकि कलानौर में बारिश नहीं हुई। हल्की बूंदाबांदी जरूर हुई, लेकिन इससे फसलों पर मंडरा रहा खतरा अभी पूरी तरह टला नहीं है। चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार के मुताबिक मौसम विभाग के अनुसार 17 मार्च को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है, जिसके प्रभाव से मौसम में फिर से बदलाव देखने को मिल सकता है।


**रोहतक।** बारिश के कारण हुई खराब फसल। फोटो : हरिभूमि

### मौसम साफ होने पर ही कटाई करें

इस समय गेहूं की फसल पकने की अवस्था में है। ऐसे समय यदि तेज हवा या बारिश होती है तो फसल गिरने (लॉजिंग) और दानों की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका बढ़ जाती है। हल्की बूंदाबांदी से फिलहाल ज्यादा नुकसान की स्थिति नहीं बनी, लेकिन लगातार मौसम में बदलाव किसानों की चिंता बढ़ा रहा है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि 16 मार्च तक मौसम में हल्का बदलाव बना रह सकता है, जबकि 17 मार्च से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कुछ स्थानों पर बादल छाने, हल्की बारिश या तेज हवाएं चलने की संभावना है।

### फसल गिरने, दाने झड़ने का खतरा

मार्च में मौसम में तेजी से बदलाव देखने को मिलता है और इस दौरान पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कई बार बारिश के साथ ओलावृष्टि की आशंका भी बनी रहती है। इस समय तापमान में उतार-चढ़ाव और बादलों की सक्रियता के कारण कुछ क्षेत्रों में तेज गर्जना के साथ ओले गिर सकते हैं। मार्च में जब भी सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ आता है तो बारिश के साथ आंधी और ओले पड़ने की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे मौसम का सबसे ज्यादा असर खेतों में पकाव की ओर बढ़ रही गेहूं और सरसों की फसलों पर पड़ सकता है। ओलावृष्टि होने पर फसल गिरने, दाने झड़ने और उत्पादन प्रभावित होने का खतरा रहता है।

### अभी धूप की जरूरत

रबी सीजन में पकाव की ओर बढ़ रही गेहूं की फसल के लिए इस समय तेज और चमकीली धूप बेहद जरूरी है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि फसल अब दाने भरने और पकने के चरण में है, ऐसे में लगातार धूप मिलने से दाने मजबूत बनते हैं और पैदावार अच्छी होती है। मौसम में उतार-चढ़ाव और हल्की बूंदाबांदी के कारण किसानों की चिंता बढ़ी हुई है। हल्की बूंदाबांदी से ज्यादा नुकसान नहीं होता, लेकिन यदि इस समय लगातार बादल या बारिश होती है तो दाने की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है और फसल गिरने का खतरा भी बढ़ जाता है। इस समय दिन में अच्छी धूप और हल्की हवा फसल के लिए सबसे बेहतर मानी जाती है। इससे खेतों में नमी संतुलित रहती है और फसल तेजी से पकती है। वहीं लगातार बादल रहने या बारिश होने से फसल में रोग लगने और दाने सिकुड़ने की आशंका भी बढ़ जाती है।

## खबर संक्षेप

### जाट कॉलेज में खेल प्रतियोगिता 17 को

**रोहतक।** अखिल भारतीय जाट सुरमा स्मारक महाविद्यालय की 80 वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 17 मार्च को कॉलेज के खेल मैदान में की जाएगी। प्रतियोगिता के संरक्षक एवं कॉलेज प्रिंसिपल प्रोफेसर जोगेंद्र सिंह दहिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए सभी प्रकार की तैयारियां कर ली गई है। मुख्य संरक्षक जाट संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना रहेंगे। कॉलेज खेल बोर्ड के अध्यक्ष प्रोफेसर बलराज देशवाल रहेंगे। शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ सुखबीर सिंह प्रतियोगिता के सचिव रहेंगे । उन्होंने बताया कि बिनिज ग्लोबल फाउंडेशन द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

### हनुमान प्राकट्य महोत्सव में श्रद्धालुओं ने किया संकीर्तन

**सोनीपत।** श्री राम परिवार, सोनीपत की ओर से शनिवार को श्री दुर्गा मंदिर, मोहल्ला कलां में श्री सुंदरकांड पाठ, हरिनाम संकीर्तन और श्री रामकथा का आयोजन किया गया। हनुमान प्राकट्य महोत्सव के उपलक्ष्य में जतिन कथूरिया हनुमान जी का स्वरूप धारण करने के लिए अनुष्ठान पर बैठे हुए हैं। संस्था प्रमुख ओमप्रकाश अरोड़ा ने बताया कि श्री रामचरितमानस में हनुमान जी का श्रृंगार उनके अतुलनीय बल, तेज और श्रीराम के प्रति अनन्य भक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि माता सीता को सिंदूर लगाते देख हनुमान जी ने भी पूरे शरीर पर सिंदूर धारण किया था।

### सुखमय जीवन के लिए रखें सकारात्मक विचारधारा : सूर्य

**गोहाना।** ब्रह्मकुमारीज शिवशक्ति भवन ने जेएलएन वमावि गोहाना में विश्व एकता और विश्वास के लिए कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी व विशिष्ट अतिथि इंद्रजीत विरमानी थे। मुख्य वक्ता वरिष्ठ राजयोग शिक्षक बीके सूर्य ने कहा कि जीवन में हमेशा सुखी रहने के लिए विचारधारा को सकारात्मक रखें। विचारों की सकारात्मकता एवं ध्यान मनुष्य को आंतरिक शांति प्रदान करते हैं।

# पालिका बाजार के सामने सड़क पर सीवर ओवरफ्लो, राहगीर परेशान

## सड़क पर फैले गंदे पानी से आ रही बदबू, दुर्घटना की बनी रहती है आशंका

- शिकायतों के बावजूद नहीं हो रहा समाधान, सड़क पर जमा दूषित पानी से राहगीरों और दुकानदारों को हो रही भारी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर के व्यस्त इलाकों में शामिल पालिका बाजार के सामने वाली सड़क पर इन दिनों सीवर ओवरफ्लो की समस्या गंभीर रूप लेती जा रही है। सीवर का गंदा पानी लगातार सड़क पर बह रहा है, जिससे रोजाना हजारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया है। पालिका बाजार शहर का प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र है, जहां दिनभर बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना लगा रहता है। आसपास कई दुकानें, कार्यालय और अन्य प्रतिष्ठान होने के कारण यह सड़क हमेशा व्यस्त रहती है। ऐसे में सीवर ओवरफ्लो के कारण सड़क पर गंदा और दूषित पानी जमा हो जाता है, जिससे लोगों को पैदल चलने में भी कठिनाई होती है। दुकानदारों का कहना है कि सड़क पर फैले गंदे पानी से बदबू भी फैल रही है, जिससे आसपास का माहौल खराब हो रहा है। ग्राहकों को भी दुकानों तक पहुंचने में परेशानी होती है। कई बार लोग गंदे पानी से बचने के लिए सड़क के दूसरे हिस्से से निकलने की कोशिश करते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस समस्या की जानकारी कई बार जनस्वास्थ्य विभाग को दी जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। हैरानी की बात यह है कि जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी रोजाना इसी रास्ते से गुजरते हैं, लेकिन इसके बावजूद समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



रोहतक। सड़क पर जमा सीवर का गंदा पानी। फोटो : हरिभूमि

### लोगों की मांग, जनस्वास्थ्य विभाग जल्द करे समाधान

लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सीवर की सफाई और मरम्मत कर दी जाए तो इस समस्या से आसानी से छुटकारा मिल सकता है। लेकिन लंबे समय से समस्या जस की तस बनी हुई है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है क्षेत्र के दुकानदारों और राहगीरों ने संबंधित विभाग से जल्द से जल्द इस समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सीवर व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी खराब हो सकती है। लोगों का कहना है कि प्रशासन को शहर की सफाई व्यवस्था और सीवर सिस्टम पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए ताकि आम जनता को इस तरह की परेशानियों से राहत मिल सके।



महम। भैणीसुरजन गांव में निर्माणाधीन आयुष्मान आरोग्य मंदिर। फोटो : हरिभूमि

# भैणी सुरजन में बन रहा आयुष्मान आरोग्य मंदिर

- गांव भैणी मातो के लोगों को भी फायदा, खर्च होंगे एक करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

स्वास्थ्य विभाग द्वारा महम उपमंडल के भैणी सुरजन गांव में एक करोड़ से अधिक लागत सेआयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाया जा रहा है। इस उपस्वास्थ्य केंद्र के बनने से भैणी सुरजन और भैणी मातो गांव के लोगों को फायदा मिलेगा। स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण सैमाण रोड पर आधा एकड़ पंचायती भूमि में किया जा रहा है। गांववासी एडवोकेट अशोक सिवाच ने बताया कि गांव की सरपंच काजल और उसके पति अमित सिवाच के प्रयासों से यह संभव हो पाया है। ग्राम पंचायत ने स्वास्थ्य विभाग को जमीन उपलब्ध करवाई है। पीडब्ल्यूडी बीएंड आर विभाग द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर भवन का निर्माण करवाया जा रहा है। नवनिर्मित उपस्वास्थ्य केंद्र भवन आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। नया स्वास्थ्य केंद्र बनने से दो गांवों के लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। मुख्य मार्ग पर अस्पताल भवन बनने से लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। खुले मार्ग पर गांव से बाहर स्वास्थ्य केंद्र बनने से तत्परता से मरीज को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। नया स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य शुरू होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।





# शिविर में 35 से 40 यूनिट रक्त एकत्रित कर ब्लड बैंक को सौंपा

**रोहतक।** आईबी स्मार्ट स्टार्ट ब्लू (आईबी स्कूल जूनियर विंग) में रविवार को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य में स्थानीय नागरिकों और स्कूल स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान कुल 35 से 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसे जरूरतमंदों की सहायता के लिए ब्लड बैंक को सौंपा गया। स्कूल हेडमिस्ट्रेस निशा चौहान ने सभी सनसिटी वासी और बाहर से जितने भी डॉनर इसमें हिस्सा लेने आए थे। उनके प्रयास की सराहना व आभार व्यक्त किया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# शिविर में कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक रूप से सशक्त बनाने पर दिया जोर

- गांव आंवल के यज्ञ भवन में आयोजित शिविर में कार्यकर्ताओं को संगठन, विचारधारा और बूथ प्रबंधन का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

कलानौर मंडल द्वारा आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण कार्यक्रम गांव आंवल स्थित यज्ञ भवन में उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक रूप से सशक्त बनाना, पार्टी की विचारधारा से जोड़ना और आगामी गतिविधियों के लिए तैयार करना था।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष कुलदीप कौशिक के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम्‌ के साथ हुआ।

"कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि" विषय पर जिला प्रभारी सत्येंद्र परमार ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया और कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। वहीं "वैचारिक अधिवेशन" विषय पर अजय शर्मा ने पार्टी की मूल विचारधारा, राष्ट्रवाद और सेवा के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। इतिहास व विकास विषय पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. दिनेश घिलोड़ ने पार्टी के संघर्षपूर्ण इतिहास और देश के विकास में उसकी भूमिका पर जानकारी दी। "बूथ प्रबंधन" विषय पर एडवोकेट अनीता बुद्धवार ने चुनावी सफलता के लिए मजबूत बूथ संगठन की आवश्यकता बताई।

दूसरे दिन "राज्य सरकारों की उपलब्धियां" विषय पर डॉ. अशोक रंगा ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी दी। अंतिम सत्र में पूर्व उप महापौर राजकमल सहगल ने कार्य पद्धति और संगठनात्मक अनुशासन पर मार्गदर्शन दिया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते डॉ. अशोक रंगा ।

### यह रहे मौजूद

इस दौरान मंडल अध्यक्ष कुलदीप कौशिक, पूर्व मंडल अध्यक्ष गुलशन दुआ, मंडल महामंत्री अलका जुनेजा, मंडल महामंत्री राकेश पंचाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष रवि टक्कर, पूर्व मंडल अध्यक्ष तिलक राज चावला, कोपरेटिव बैंक चैयरमेन हरीश कौशिक,सरपंच प्रतिनिधि नवीन (काहनौर), सरपंच धर्मवीर चौहान (जिंदरान), तैमूर पुर सरपंच प्रतिनिधि नरेश गिल, माडौधी रागडान सरपंच प्रतिनिधि बिजेंद्र कुमार, प्रतुल आनन्द पार्षद कलानौर ,सन्नी पार्षद कलानौर, अमित पार्षद कलानौर, जयभगवान (सांगाहेड़ा), दविंदर सिंह, रोहताश, (बीडीसी)देवी सिंह,महेन्द्र सैन, केशु काहनौर, भगवान दास मेम्बर, शमशेर मग्गु सहित अनेक प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आपात स्थिति में सही उपचार किसी की भी बचा सकता है जान : प्रोफेसर राजपति



रोहतक। आयोजित कार्यशाला में मौजूद कॉलेज की प्रोफेसर राजपति,आचार्य सुनीता देवी व नर्सिंग कॉलेज का स्टाफ।

- पीजीआई के नर्सिंग कॉलेज में दो दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ नर्सिंग में 13 से 14 मार्च 2026 तक प्राथमिक उपचार तकनीकों पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए आचार्य किरण कौर ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य स्वास्थ्य कर्मियों को आपातकालीन स्थितियों में प्राथमिक उपचार के महत्व के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्रोफेसर राजपति ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्राथमिक उपचार हर स्वास्थ्य कर्मी के लिए अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि आपातकालीन स्थिति में सही समय पर दिया गया उपचार किसी की भी जान बचा सकता है। आचार्य सुनीता देवी ने बताया कि कार्यशाला में बीएससी नर्सिंग के प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने भाग लिया और विभिन्न प्रकार की बैंडेजिंग, सीपीआर, घाव की देखभाल, और आपातकालीन स्थितियों में प्राथमिक उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने डेमो के माध्यम से विभिन्न प्रकार के बैंडेज एप्लीकेशन, सीपीआर आदि का अभ्यास किया। इस अवसर पर आयोजन समिति ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया और कहा कि यह कार्यशाला स्वास्थ्य कर्मियों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगी। इस अवसर पर समस्त नर्सिंग कॉलेज का स्टाफ उपस्थित रहा।

# यूपीएससी पास डॉ. अंकिता सिवाच का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏩ झज्जर

यूपीएससी परीक्षा में 442वीं रैंक हासिल करने वाली क्षेत्र के गांव पहाड़ीपुर की बेटी डॉक्टर अंकिता सिवाच जब अपने पैतृक गांव पहुंची तो ग्रामीणों द्वारा उसका पगड़ी पहनाकर व नोटों की माला से स्वागत किया। मास्टर रणबीर सिंह की पुत्री डॉ. अंकिता की इस उपलब्धि पर ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। आयोजित सम्मान समारोह में ग्रामीणों ने कहा कि डॉ. अंकिता सिवाच की सफलता पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा है। बच्चों और युवाओं को दिए अपने संदेश में डॉक्टर अंकिता ने कहा कि बच्चों को अपने माता-पिता और बुजुर्गों के साथ समय जरूर बिताना चाहिए, क्योंकि जीवन की सबसे बड़ी शिक्षा घर से ही मिलती है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने की अपील की। इस मौके पर ग्राम सरपंच सुनील सिवाच, कांग्रेस नेता विक्रम कादियान, गोधड़ी गांव के सरपंच मनबीर, राजेंद्र सरपंच अच्छेज, संदीप सरपंच सफीपुर, एडवोकेट राजेंद्र सोलंकी, कुलबीर हुड्डा, प्रिंसिपल श्रीभगवान कादियान सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# कार्यकर्ताओं को संगठन, सोशल मीडिया और बूथ प्रबंधन पर दी विस्तृत जानकारी

- मोखरा मंडल में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

मोखरा मंडल का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर शिक्षा भारती स्कूल, बहुअकबरपुर में मंडल अध्यक्ष मुकेश वशिष्ठ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। शिविर का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यप्रणाली और विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षित करना रहा। प्रशिक्षण शिविर में मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के पहले दिन विभिन्न विषयों पर सत्र आयोजित किए गए। कार्य पद्धति विषय पर पूर्व वरिष्ठ उप महापौर राजू सहगल ने संगठन की कार्य प्रणाली, अनुशासन और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर मंडल प्रभारी रवि हुड्डा, चुनीलाल, महामंत्री संदीप दांगी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग पर चर्चा

वहीं इतिहास एवं विकास विषय पर हरिओम मित्तल ने संगठन की स्थापना से लेकर अब तक की यात्रा और विकास पर प्रकाश डाला। कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि विषय पर सतेंद्र परमार ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने की रणनीति पर चर्चा की। राज्य सरकार की उपलब्धियों पर प्रतिभा सुमन ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर के दूसरे दिन सोशल मीडिया व एआई विषय पर ज्योत्सना रोहिल्ला ने डिजिटल युग में सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के महत्व पर प्रकाश डाला। वैचारिक अधिष्ठान विषय पर अजय शर्मा ने संगठन की मूल विचारधारा और सिद्धांतों पर अपने विचार रखे। वहीं बूथ प्रबंधन विषय पर दीपक हुड्डा ने चुनावी दृष्टि से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने की रणनीति बताई। अंत में मंडल अध्यक्ष मुकेश वशिष्ठ ने सभी वक्ताओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय रहने का आह्वान किया।

**उपलब्धि** ‘ए फ्लाइट ऑफ द लॉस्ट ड्रीमी बर्ड’ फिल्म का छात्र चमन रमेश ने किया था निर्देशन

# सुपवा की फिल्म को मिला स्पेशल ज्यूरी अवार्ड 13वें कट इन फिल्म फेस्टिवल में मिला सम्मान

फिल्म ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता विनोद कुमार शुल्क की कहानी का दृश्यात्मक चित्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) के द्वारा बनाई गई शॉर्ट फिल्म को मुंबई में आयोजित 13वें कट.इन फिल्म फेस्टिवल में स्पेशल ज्यूरी अवार्ड से नवाजा गया है। करीब 13 मिनट की फिल्म ‘ए फ्लाइट ऑफ द लॉस्ट ड्रीमी बर्ड’ का निर्देशन डीएलसीसुपवा के छात्र चमन रमेश कृष्ण ने किया है। यह फिल्म बचपन, स्थान व भावनाओं के संदर्भ में खोने की अनुभूति को जीवंत करती नजर आती है। 13वें कट.इन स्टूडेंट्स फिल्म फेस्टिवल, 2026 का आयोजन टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसिज, मुंबई (टीआईएसएस) द्वारा द स्कूल ऑफ मीडिया एंड कल्चरल स्टडीज, चेंबूर में किया गया। यहां अवार्ड जीत कर लौटे छात्र निर्देशक चमन रमेश कृष्ण व उनके सहयोगी छात्रों ने डीएलसीसुपवा के कुलगुरु डॉ अमित आर्य, रजिस्ट्रार डॉ गुंजन मलिक मनोचा व अन्य स्टाफ से मुलाकात की।



रोहतक। 13वें कट .इन फिल्म फेस्टिवल में स्पेशल ज्यूरी अवार्ड जीतने वाले छात्राओं के साथ डीएलसीसुपवा के कुलगुरु डॉ अमित आर्य व रजिस्ट्रार डॉ गुंजन मलिक मनोचा । फोटो : हरिभूमि

### यह एक प्रायोगिक फिल्म

सुपवा के 2018 बैच के छात्र व निर्देशक चमन रमेश कृष्ण ने बताया कि ‘ए फ्लाइट ऑफ द लॉस्ट ड्रीमी बर्ड’ (हरे पत्ते के रंग की पतरंगी और कहीं खो गया नाम का लड़का) ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता साहित्यकार विनोद कुमार शुल्क की कहानी का दृश्यात्मक चित्रण है। इस फिल्म से ही 13वें कट.इन स्टूडेंट्स फिल्म फेस्टिवल, 2026 का आगाज हुआ था। यह एक प्रायोगिक फिल्म है, जिसकी प्रस्तुति पर जादुई यथार्थवाद का स्पष्ट प्रभाव है। साहित्य से अनुकूलित, फिल्म की कथा शैली भी प्रायोगिकता का हिस्सा है। इस फिल्म को तैयार करने में तमाम योगदान सुपवा के छात्रों का ही रहा। इसके सिनेमेटोग्राफर सन्नी सोहल, साउंड प्रणव मंगला, एडिटर आशीष पटेल, कॉस्ट्यूम अर्चित डबास व नैंसी नेगी, आर्ट विपिन कुमार, कलर सलिक वगास, प्रॉडक्शन डिजाइनर सचिन हाडा रहे। जबकि अदाकारी कोमल, चंदन व चमन राजौरा ने निभाई।

### आभार जताया

इस अवार्ड के लिए तमाम स्टाफ व यूनिवर्सिटी में फिल्म एवं टेलीविजन के छात्रों के मिल रही विश्व स्तरीय सुविधाओं के लिए आभार जताया। डॉ आर्य ने कहा कि यह सुपवा परिवार के लिए गर्व की बात है कि यहां बनी फिल्में देश-दुनिया में अवार्ड जीत रही हैं। कोई भी ऐसा फिल्म फेस्टिवल नहीं है, जहां सुपवा की फिल्मों की स्क्रीनिंग न होती हो और फिर वे अवार्ड हासिल किए बिना ही आती हों। लगातार मिल रहे अवार्ड हमारे छात्रों व यूनिवर्सिटी फैकेल्टी की हौसला अफजाई कर रहे हैं।

# प्रशिक्षण शिविर में 100 रेफरियों ने जानी योग की बारिकियां

- हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ सहित विभिन्न राज्यों से आए रेफरियों ने लिया भाग, किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

योगासन प्रतियोगिताओं में निर्णयन की गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाने तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में निष्पक्ष और तकनीकी रूप से सटीक निर्णय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित राष्ट्रीय योग रेफरी प्रशिक्षण रिफ्रेशर कोर्स का पंचकूला स्थित दास एंड ब्राउन एक्सपीरिएंशियल लर्निंग स्कूल में सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 14 से 15 मार्च 2026 तक योगा फेडरेशन ऑफ इंडिया के मार्गदर्शन तथा हरियाणा स्टेट योगा एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इसमें रोहतक से चार रेफरी ने भाग लिया। मीडिया कोऑर्डिनेटर डॉ. जनक राज ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ सहित विभिन्न राज्यों से आए लगभग 100 से अधिक राष्ट्रीय योग रेफरियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान योगासन प्रतियोगिताओं के नियम, मूल्यांकन प्रणाली, स्कोरिंग तकनीक तथा प्रतियोगिताओं में आधुनिक तकनीक के उपयोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर रोहतक जिले के राष्ट्रीय योग रेफरी डॉ. जनक राज, राजकुमारी, नवीन कुमार तथा नसीब सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विशाल ने मूल्यांकन प्रणाली पर विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया।

# ऑल इंडिया खेल प्रतियोगिता : पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने विजेताओं को किया सम्मानित

खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं, बल्कि यह जीवन में अनुशासन और टीम वर्क की भावना करता है पैदा : पूर्व वित्त मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

## बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में एयरफोर्स की टीम ने पहला स्थान हासिल किया





रोहतक। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते और विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु और अन्य। फोटो : हरिभूमि

किलोई स्थित शिव कुमार मेमोरियल स्टेडियम में आयोजित चौथी ऑल इंडिया खेल प्रतियोगिता रविवार को उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुई। अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी स्वर्गीय शिव कुमार हुड्डा की स्मृति में आयोजित इस टूर्नामेंट के समापन समारोह में पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के तौर पर मेयर राम अवतार बाल्मीकि और जिला परिषद चेयरमैन मंजू हुड्डा भी मौजूद रहीं। बास्केटबॉल प्रतियोगिता एयरफोर्स की टीम प्रथम, एनडब्लूआर रेलवे द्वितीय और लुधियाना एकेडमी तृतीय रही। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण एयरफोर्स और नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे (एनडब्लूआर) के बीच खेला गया फाइनल मैच रहा। पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने स्टेडियम में बैठकर पूरे मैच का आनंद लिया। दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली, जिसमें खिलाड़ियों ने अपनी फुर्ती और बेहतरीन तालमेल से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने खेल की महत्ता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं है, बल्कि यह जीवन में अनुशासन और टीम वर्क की भावना पैदा करता है। आज के मैच में दोनों टीमों टीमों ने जिस तरह का तालमेल दिखाया, वह काबिले तारीफ है। उन्होंने स्वर्गीय शिव कुमार हुड्डा को याद करते हुए कहा कि उनके जैसे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की स्मृति में ऐसे आयोजन होने से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मंच मिलता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को हार से निराश होने के बजाय उससे सीख लेनी चाहिए। उन्होंने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की और सभी प्रतिभागियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। टूर्नामेंट के अंतिम दिन बास्केटबॉल और रस्साकस्सी के साथ-साथ दौड़ प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने जबरदस्त उत्साह दिखाया। सतीश हुड्डा, प्रधान रोहित हुड्डा, सचिव सुजेन्द्र और समस्त ग्रामवासियों ने बताया कि यह आयोजन हर साल इसी तरह निरंतर जारी रहेगा। सतीश हुड्डा ने भी विजेता खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। गांव वालों का उत्साह देखने को मिला। समारोह में भाजपा युवा नेता नवीन ढुल, सुधीर विथल, बाबा भोलादास, राजकुमार ठेकेदार, जितेन्द्र हुड्डा, सरपंच विजय कुमार और कोच जसवन्त सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### प्रतियोगिता के परिणाम

दौड़ 45-50 आयु वर्ग में राकेश ने प्रथम, देवेन्द्र ने द्वितीय और बलराम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 50-60 आयु वर्ग में पवन पहले, भोला दूसरे और पवन (पुत्र दयानंद) तीसरे स्थान पर रहे। 60 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग में सतवीर ने बाजी मारी, जबकि बुरा दूसरे और बलजीत तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग 45-50 आयु वर्ग में बीना प्रथम), मुनेश द्वितीय और सुनीता तृतीय। 50-60 आयु वर्ग में राजपति प्रथम, सुमित्रा द्वितीय और पूनम तृतीय। 60-80 आयु वर्ग में राजो प्रथम, सुरेश द्वितीय और लक्ष्मी तृतीय। 80 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग में रामरती ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि कान्ता दूसरे और रामप्यारी तीसरे स्थान पर रहीं। रस्शाकस्सी में सुशीला की टीम प्रथम और सरिता की टीम द्वितीय रही।

## देशभर से लगभग 80 टीमों ने टूर्नामेंट में दिखाया दमखम

# अखिल भारतीय मूट कोर्ट स्पर्धा में विधि विभाग की टीम अव्वल

*एमडीयू के लॉ विभाग की विजेता टीम में हर्षवर्धन यादव, खुशी व राहुल सैनी शामिल रहे*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के विधि विभाग की टीम ने 12 से 14 मार्च तक आयोजित 5वीं अखिल भारतीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता-2026 में प्रथम स्थान हासिल कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतियोगिता का आयोजन एफआईएमटी द्वारा नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन (एनएचआरसी) के सहयोग से किया गया।


एमडीयू के लॉ विभाग की विजेता टीम में हर्ष वर्धन यादव, खुशी व राहुल सैनी शामिल रहे, जिन्होंने प्रभावी विधिक तर्क और प्रस्तुति से निर्णायकों को प्रभावित किया। आयोजकों ने विजेता टीम को प्रथम आने पर ट्रॉफी और 51 हजार रुपये देकर पुरस्कृत किया। विभागाध्यक्ष, विधि विभाग प्रो. सोनू ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी गई तथा इसे विभाग की शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रतीक बताया गया। मूट कोर्ट सोसाइटी प्रभारी डॉ. योगेंद्र सिंह ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के व्यावहारिक विधिक कौशल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## एशियन बॉक्सिंग प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेगी रोहतक की बेटी

**मंगोलिया रवाना**

कोच विजय हुड्डा ने सभी बॉक्सर को बधाई दी, 28 मार्च तक होगी ट्रेनिंग

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भारतीय टीम रविवार को रवाना हुई



**रोहतक।** एशियन बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भारतीय टीम रविवार को रवाना हुई। यह प्रतियोगिता 28 मार्च से 11 अप्रैल तक मंगोलिया में आयोजित की जाएगी। इसमें रोहतक से मीनाक्षी हुड्डा भी देश का प्रतिनिधित्व करेगी। मीनाक्षी जिले के गांव रुड़की की निवासी है। टीम का पहले 28 मार्च तक ट्रेनिंग सेशन रहेगा। उसके बाद प्रतियोगिता शुरू होगी। मीनाक्षी अपने गांव रुड़की में शहीद बैतून सिंह स्टेडियम में कोच विजय हुड्डा के पास अभ्यास करती है। कोच विजय हुड्डा ने सभी बॉक्सर को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी इन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करके जिले का नाम रोशन किया है।

# आर्य समाज के संन्यासियों की सुरक्षा के लिए धर्म रक्षक निधि बनेगी : आर्यवेश

■ युवाओं के प्रेरणास्त्रोत थे स्वामी इंद्रवेश : कैप्टन रुद्रसेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



रोहतक। स्वामी इन्द्रवेश विद्यापीठ आश्रम, टिटौली में आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी एवं उद्योगपति कैप्टन रुद्रसेन को सम्मानित करते सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के प्रधान स्वामी आर्यवेश व अन्य आर्यसमाजी।

पूर्व सांसद एवं प्रख्यात आर्य नेता स्वामी इंद्रवेश के 89वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित 19वें बेटी बचाओ चतुर्वेद पारायण महायज्ञ का रविवार को स्वामी इन्द्रवेश विद्यापीठ आश्रम, टिटौली में भव्य समापन हुआ। 11 दिनों तक चले इस वैदिक अनुष्ठान में देशभर से आए विद्वानों, संन्यासियों और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लेकर यज्ञ में आहुति दी तथा कन्या भ्रूणहत्या, नशाखोरी, अश्लीलता और धार्मिक अंधविश्वास के विरुद्ध जागरूकता का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर वैदिक विरक्त मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रणवानंद सरस्वती, युद्ध मेडल एवं सेना मेडल से सम्मानित ब्रिगेडियर हरबीर सिंह कुंडू, समाजसेवी एवं उद्योगपति कैप्टन रुद्रसेन आर्य तथा पूर्व विधायक अजीत सिंह एडवोकेट ने यज्ञ में आहुति डालकर सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर आयोजकों की ओर से अतिथियों का सम्मान किया गया तथा आर्य समाज के 89 संन्यासियों एवं वानप्रस्थियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली लें प्रधान स्वामी आर्यवेश ने घोषणा करते हुए कहा कि आर्य समाज के जीवनदानी कार्यकर्ताओं एवं संन्यासियों के लिए "धर्म रक्षक निधि" का गठन किया जाएगा, जिससे उन्हें नियमित मासिक सहायता दी जा सके।

ब्रिगेडियर हरबीर सिंह कुंडू ने कहा कि उन्हें बचपन से ही आर्य समाज के संस्कार प्राप्त हुए हैं, जिनसे जीवन में अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और सेवा की भावना विकसित हुई। कैप्टन रुद्रसेन आर्य ने स्वामी इंद्रवेश को युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि उन्होंने समाज में जागृति और संगठन की भावना को मजबूत किया।

### सम्मानित किया

यज्ञ के ब्रह्मा स्वामी वेदप्रकाश सरस्वती, वेदपाठी अंकित आचार्य, अमित शास्त्री तथा वैदिक विद्वान डॉ. कमल नारायण को श्रीफल, स्मृति चिन्ह और शॉल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सात प्रांतो के आर्यजनों ने भाग लेकर वैदिक परंपरा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम मे बिरजानंद, स्वामी व्रतानन्द, स्वामी आनंदवेश, स्वामी सूर्यवेश, स्वामी मुक्तिवेश, बहन कल्याणी आर्या, डॉक्टर कैलाश कर्मठ, रमेश आचार्य आदि महानुभाव ने भी संबोधित किया।



## राजकीय महाविद्यालय महम में 11 लाख की ग्रांट से बन रहा गर्ल्ज कॉमन रूम, सांसद का जताया आभार

महम। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा द्वारा सांसद निधि से राजकीय महाविद्यालय महम में गर्ल्ज कॉमन रूम का निर्माण करवाया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने 11 लाख रुपए की ग्रांट दी है। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. सत्यव्रत सोलंकी ने इसके लिए राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा का आभार जताया है। कहा है कि कॉमन रूम का निर्माण कार्य जल्द ही पूरा हो जाएगा। सांसद ने कॉलेज की छात्राओं को यह सौगात दी है। लड़कियों को कॉमन रूम की सुविधा मिल जाएगी। कॉमन रूम न होने से छात्राओं को परेशानी हो रही थी।

# लोक महोत्सव में 200 से अधिक गायकों ने दीं शानदार प्रस्तुतियां, पाले राम को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



हरियाणवी संस्कृति और लोक परंपराओं को समर्पित लोक महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह से किया गया।

कार्यक्रम में एसडीएम रोहतक आशीष वशिष्ठ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं पूर्व सांसद शादीलाल बत्रा, डीएसपी सांपला राजेश मलिक, नगर निगम अधिकारी धीरज कुमार , पार्षद परीक्षित देसवाल, बलजीत राणा तथा कृष्ण लाल विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा महाशय पाले राम दहिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि महाशय पाले राम दहिया ने समाज और लोक संस्कृति के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए, जिन्हें हमेशा याद रखा जाएगा। लोक महोत्सव में 200 से अधिक गायकों और कलाकारों ने हरियाणवी लोकगीतों, रागनियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में समां बांध दिया। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरे कार्यक्रम में हरियाणवी संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली।

# जॉन वेस्ले स्कूल मे एडमिशन कम स्कॉलरशिप टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत कक्षा 1 से 11 तक के विद्यार्थियों के लिए एडमिशन कम स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में विद्यार्थियों को अपनी शैक्षणिक प्रतिभा प्रदर्शित करने एवं छात्रवृत्ति प्राप्त करने का सुनहरा अवसर प्रदान किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों के लिए भी एक विशेष सत्र अंडरस्टेडिंग योर चाइल्डस इमोशनल नीड्स का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय प्रधानाचार्या डॉ ममता मलिक व उप - प्रधानाचार्या मधुलिका द्वारा बच्चों के समग्र विकास से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई जिसमें अभिभावकों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी के लिए रिफ्रेशमेंट की भी व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षणिक पद्धति और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। प्रधानाचार्या डॉ. ममता मालिक ने कहा कि जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में विद्यार्थियों को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित शिक्षा नहीं दी जाती, बल्कि उन्हें जीवन के लिए तैयार किया जाता है। विद्यालय के डायरेक्टर सुरेंद्र मलिक ने सभी अभिभावकों, विद्यार्थियों तथा स्टाफ का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और उनके समग्र विकास के लिए समर्पित है।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
- Neuro Surgery
- General Medicine
- General Surgery
- Orthopedics
- ब्रेन, रीढ़ की हडिड्यों का ईलाज
- दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
- पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज
फौजी भाईयों का इलाज ECHS
- हरियाणा सरकार
- आयुष्मान भारत
- ESIC
के पैनल पर
DR. BALKISHAN GOEL M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

जय श्री बाला जी महाराज
SHRI BALA JI INSTITUTE OF PARAMEDICAL SCIENCE
DR. S.K. SAINI Director
AUTHORIZED ADMISSION CENTRE OF SUGUNA SCHOOL OF NURSING BANGLORE
BHUVAN SCHOOL OF NURSING, DR. K.T.V. BANGLORE
पिछले 25 वर्षों से लगातार जनसेवा में कार्यरत संस्थान। सीमित सीटें। पहले आयें- पहले पायें छात्रावास सुविधा उपलब्ध
DIPLOMA IN G.N.M. (MIF)
योग्यता :- 12th किसी भी विषय में) अवधि :- 3½ वर्ष
कुल सीटें :- 60 दाखिला फीस - 25000/year
परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
DIPLOMA IN PHARMACY
योग्यता:- 12th साईस अवधि:- 2 वर्ष सीटें :- 60
दाखिला फीस: 25000/- year परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
नियमित कक्षायें ऑनलाईन व ऑफलाईन दोनों मोड़ में।
5000 Rs मासिक फीस देकर निश्चित सफलता के साथ कोर्स पूरा करें। आज ही अपने प्रमाष-पत्रों के साथ आकर मिले।
DR. S.K. SAINI (Director)
9254233221
रोहतक:- 41/29, चाणक्य पुरी, शीला सिनेमा के पीछे
बहादुरगढ़ :- पिल्लर नं. 851 के सामने, पुराना बराही रोड पर।
सोनीपत :- HDF C बैंक के सामने, छोटू राम चौक।

# चैत्र नवरात्र 19 से 27 तक, मंदिरों में विशेष सजावट का कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



■ गौकर्ण डेरा, बाबा करणपुरी डेरा, दुर्गा भवन मंदिर व बजरंग भवन मंदिर सहित कई धार्मिक स्थलों पर शुरू हुई तैयारियां

शहर में आने वाले चैत्र नवरात्रों को लेकर मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। अब की बार नवरात्रे 19 मार्च से शुरू हो रहे है और 27 मार्च तक चलेंगे। शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों गौकर्ण डेरा, बाबा करणपुरी डेरा, दुर्गा भवन मंदिर, बजरंग भवन मंदिर सहित अन्य मंदिरों में अभी से साफ-सफाई और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का कार्य किया जा रहा है। मंदिर समितियां और श्रद्धालु मिलकर नवरात्रों को लेकर विशेष तैयारी में जुट गए हैं। मंदिरों में इन दिनों साफ-सफाई, रंगाई-पुताई और पूजा-अर्चना से जुड़ी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने का काम चल रहा है। वहीं जल्द ही मंदिरों में विशेष सजावट का कार्य भी शुरू किया जाएगा, ताकि नवरात्रों के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मंदिर समितियों का कहना है कि इस बार नवरात्रों को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार चैत्र नवरात्रि का पर्व माता दुर्गा के नौ रूपों की पूजा के लिए समर्पित होता है। इस दौरान श्रद्धालु नौ दिन तक व्रत रखकर माता की पूजा-अर्चना करते हैं और मंदिरों में विशेष भजन-कीर्तन तथा धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस बार चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से शुरू होकर 27 मार्च तक मनाई जाएगी और अंतिम दिन राम नवमी के रूप में मनाया जाएगा। मंदिरों में नवरात्रों के दौरान अखंड ज्योत, माता के दरबार की विशेष सजावट और भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। कई मंदिरों में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे और कन्या पूजन की भी तैयारी की जा रही है।

### स्वयंसेवकों की ड्यूटी लगाई

मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोगों का कहना है कि नवरात्रों के दौरान मंदिरों में भीड़ को देखते हुए व्यवस्थाओं को पहले से ही मजबूत किया जा रहा है। श्रद्धालुओं के लिए पानी, सफाई और प्रसाद वितरण की उचित व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा मंदिर परिसर में सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी स्वयंसेवकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। शहर के श्रद्धालुओं में भी नवरात्रों को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। लोग घरों और मंदिरों में माता की पूजा की तैयारी कर रहे हैं।

**मार्केट न्यूज**

## आईएफबी ने पेश की उन्नत गृह उपकरणों की नई श्रृंखला

**रोहतक।** देश के भरोसेमंद गृह उपकरण निर्माताओं में शामिल आईएफबी ने उपभोक्ताओं के लिए अपनी नई उन्नत तकनीक वाले उपकरणों की श्रृंखला प्रस्तुत की है। कंपनी ने आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस आधारित डिटर्जेंट वितरण प्रणाली से युक्त डीप क्लीन वाशिंग मशीन तथा 12 प्रकार में परिवर्तित होने वाली तकनीक के साथ 331 लीटर क्षमता का नया रेफ्रिजरेटर बाजार में उतारा है। नई डीप क्लीन वाशिंग मशीन को इस प्रकार तैयार किया गया है कि कपड़ों की धुलाई पहले से अधिक सरल और प्रभावी हो सके। इसमें नया एआई डीओएस एक इंटेलीजेंट डिटर्जेंट डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम है जो कपड़ों के प्रकार और धुलाई के भार को पहचानकर आवश्यकतानुसार डिटर्जेंट की सटीक मात्रा स्वयं डालती है। एक बार डिटर्जेंट भरने पर लगभग 20 बार तक धुलाई की जा सकती है, जिससे समय की बचत और अपव्यय में कमी आती है। वहीं 331 लीटर क्षमता वाला रेफ्रिजरेटर 12 प्रकार के परिवर्तनीय विकल्पों के साथ अतिरिक्त भंडारण स्थान उपलब्ध कराता है, जिससे आवश्यकता के अनुसार फ्रिजर या फ्रिज की जगह बढ़ाई जा सकती है। सोनीपत रोड स्थित आईएफबी पॉइंट के प्रोपराइटर अनिल भाटिया ने बताया कि ग्राहक अधिकृत आईएफबी केंद्र पर जाकर तत्काल खरीद पर निश्चित उपहार का लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### जनसेवा समिति का रक्तदान शिविर 22 को

**महम।** अजायब गांव में 22 मार्च को रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। यह शिविर जनसेवा समिति द्वारा लगाया जाएगा। जनसेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष बसंत लाल गिरधर ने बताया कि यह समिति का 178वां रक्तदान शिविर है, जो अजायब गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में लगाया जाएगा।

### किसानों के ट्रैक्टरों का 20 मार्च को होगा सत्यापन

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा द्वारा संचालित एससी-89 योजना के तहत अनुसूचित श्रेणी के किसानों को ट्रैक्टर पर अनुदान प्रदान करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत चयनित किसानों के ट्रैक्टरों का भौतिक सत्यापन 20 मार्च को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप कृषि निदेशक कार्यालय में प्रातः 11 बजे से किया जाएगा।



### स्क्वाड्रन लीडर अनुज वशिष्ठ को दी श्रद्धांजलि

**रोहतक।** मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेन्द्र सिंह ने रविवार को गांव ककराना पहुंचकर शहीद स्क्वाड्रन लीडर अनुज वशिष्ठ को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा मुख्यमंत्री का शोक संदेश उनके परिजनों तक पहुंचाया। इस अवसर पर उनके साथ श्री खुशी राम, चेयरमैन, ब्लॉक परिषद रोहतक भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने शहीद स्क्वाड्रन लीडर अनुज वशिष्ठ के असामयिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

### 17 ब्राह्मण महासभा का नेतृत्व शिवकुमार के हाथों में

**सांपला।** खंड के गांव भैंसरु कलां में 17 ब्राह्मण महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें भैंसरु कलां निवासी सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी शिवकुमार कौशिक को सर्वसम्मति से छह गांवों इस्माईला, चुलाना, दत्तोड, भैंसरु, हसनगढ़ और गिझी का प्रधान चुना गया। बैठक की अध्यक्षता सभा के प्रधान हेमचंद्र कौशिक ने की।

## लाखों में कीमत, पुरानी की अनदेखी कर लगा दी 8 और नई मशीनें

# रेलवे स्टेशन पर लाखों की प्लास्टिक रिसाइकिल मशीनें दो साल से खराब

### यात्री बोले, समय पर होनी थी मशीनों की देखभाल

*इन मशीनों में प्लास्टिक कचरे का सही तरीके से प्रबंधन किया जा सकता है और स्टेशन परिसर साफ-सुथरा बनाए रखने में होती है मददगार साबित।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रेलवे स्टेशन पर पर्यावरण संरक्षण के लिए लगाई गई लाखों रुपये की प्लास्टिक रिसाइकिल मशीन पिछले करीब दो साल से खराब पड़ी हुई है। हैरानी की बात यह है कि खराब मशीन की मरम्मत कराने की बजाय रेलवे प्रशासन ने स्टेशन पर 8 नई मशीनें भेज दीं, जिन्हें अब प्लेटफार्म और अन्य स्थानों पर स्थापित कर दिया गया है। एक मशीन की कीमत लाखों रुपये बताई जाती है। ऐसे में पुरानी मशीन की अनदेखी और नई मशीनों की स्थापना को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

स्टेशन पर पहले लगाई गई प्लास्टिक रिसाइकिल मशीन का उद्देश्य यात्रियों को प्लास्टिक की खाली पानी की बोतलों को इधर-उधर फेंकने से रोकना और उन्हें रिसाइकिल के लिए मशीन में डालने के लिए प्रेरित करना था। यात्री जब बोतल मशीन में डालते हैं तो मशीन उसे क्रश कर देती है, जिससे प्लास्टिक कचरे का सही तरीके से प्रबंधन किया जा सके और स्टेशन परिसर साफ-सुथरा बना रहे। लेकिन स्टेशन पर लगाई गई यह मशीन करीब दो साल पहले खराब हो गई थी। इसके बाद से ही यह मशीन स्टेशन परिसर में बेकार पड़ी हुई है। स्थानीय लोगों और यात्रियों का कहना है कि यदि समय पर मशीन की मरम्मत करा दी जाती तो वह आज भी उपयोग में लाई जा सकती थी। इसके बावजूद संबंधित विभाग ने इसकी मरम्मत कराने में कोई विशेष रुचि नहीं दिखाई।



रोहतक। पिछले दो साल से खराब पड़ी बोतल क्रश करने की मशीन, बोतल क्रश करने के लिए लगाई नई मशीनें।

#### रेलवे स्टेशन में बढ़ीं मशीनें, ऑफिस शिफ्ट

अब मशीनों की संख्या बढ़ा दी गई है, फिलहाल आठ मशीनें लगाई गई है। वहीं रेलवे के नए भवन में आफिस भी शिफ्ट किए जा रहे है। फिलहाल एसएस कार्यालय शिफ्ट कर दिया गया है। यात्रियों को सभी सुविधाएं रेलवे की तरफ से प्रदान की जाएगी।

**-बलराम मीणा, स्टेशन अधीक्षक, रेलवे स्टेशन**

#### खास बातें

- नई मशीनें अब प्लेटफार्म और अन्य स्थानों पर स्थापित की गई हैं
- खराब मशीन के कारण स्टेशन परिसर में प्लास्टिक कचरा सही तरीके से प्रबंधित नहीं हो पा रहा था

#### पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से स्थापित की थी मशीनें

हाल ही में रेलवे प्रशासन की ओर से स्टेशन पर 8 नई प्लास्टिक रिसाइकिल मशीनें भेजी गई हैं और उन्हें प्लेटफार्म व अन्य प्रमुख स्थानों पर लगा भी दिया गया है। हालांकि पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से यह कदम अच्छा माना जा रहा है, लेकिन पुरानी मशीन के खराब पड़े रहने को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि जब पहले से लगी मशीन की मरम्मत संभव थी, तो उसे ठीक कराकर ही इस्तेमाल किया जाना चाहिए था।

#### नई मशीनें भी एक अच्छा निर्णय

यात्रियों का भी मानना है कि प्लास्टिक कचरे को नियंत्रित करने के लिए ऐसी मशीनें काफी उपयोगी साबित होती हैं। इससे स्टेशन परिसर में साफ-सफाई बनी रहती है और पर्यावरण को भी फायदा मिलता है। लेकिन इसके साथ-साथ यह भी जरूरी है कि पहले से लगी मशीनों का नियमित मेंटेनेंस किया जाए ताकि वे लंबे समय तक सही तरीके से काम करती रहें।

## गोशाला की समस्याओं के समाधान की बैठक में उठी मांग



महम। मोखरा गांव की श्री कृष्ण गोशाला में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में भाग लेते गोशालाओं के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

- गोशालाओं के पदाधिकारियों ने कहा, मृत गायों के शव के निपटान की बड़ी समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

जिला रोहतक की गोशालाओं में व्याप्त समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर रविवार को मोखरा गांव की श्री कृष्ण गोशाला में जिले भर से गोशालाओं के पदाधिकारियों ने एक बैठक की। बैठक की अध्यक्षता मोखरा गोशाला की प्रधान पूर्व डीईओ विद्या मलिक ने की। इस बैठक में गोशालाओं को दी गई ग्रांट के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया। कहा कि साल में दो बार गोशालाओं को ग्रांट दी जानी चाहिए। ताकि गोशालाओं का काम सुचारू रूप से चलता रहे। साथ ही उन समस्या पर भी चर्चा की गई, जिनका समाधान किए जाने की सख्त जरूरत है।

गोशाला पदाधिकारियों ने बताया कि उनके सामने सबसे बड़ी समस्या गायों की मौत हो जाने पर उनके शव के निपटान की है। गोशालाओं के पास कोई हडवारा नहीं होता, जहां पर गायों की डैड बॉडी डाली जाए। सरकार द्वारा चारा अनुदान साल में दो बार जनवरी से मार्च और अगस्त या सितंबर में दिया जाए। ताकि चारा उस समय सस्ते रेट पर खरीदकर स्टॉक किया जा सके। इस दौरान यह भी चर्चा हुई कि गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाए। गो सम्मान आह्वान अभियान के लिए 27 अप्रैल को तहसील स्तर पर अधिकारियों को ज्ञापन दिए जाएं।

मीटिंग में फैसला लिया कि अगली बैठक 14 जून रविवार को सुबह 10 बजे आयोजित की जाएगी। इस मौके पर गोशाला खिडवाली, पहरावर, गोकर्ण तीर्थ, पंचायती गोशाला कलानौर, अखिल भारतीय महर्षि गोशाला बैंसी, श्री कृष्ण गोशाला महम, श्री कृष्ण गोशाला मोखरा, लावारिस पीड़ित पशु सेवा संघ रोहतक, बाबा मस्तनाथ गोशाला बोहर, गो लोक गो सेवा धाम चमारियां, गिरधारी दास गोशाला समर गोपालपुर समेत जिले की कई गोशालाओं के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

#### कपूर सिंह बने प्रधान



गोशाला महासंघ हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश मलिक ने बताया कि रविवार को मोखरा में हुई बैठक में सर्वसम्मति से श्री कृष्ण गोशाला महम के महासचिव कपूर सिंह को गोशाला महासंघ हरियाणा का जिला प्रधान नियुक्त किया गया।

## गवर्नमेंट कॉलेज महम में गेट पर लगाया जाएगा मेटल डिटेक्टर



महम। राजकीय महाविद्यालय महम में गेट पर रखने के लिए खरीदा गया मेटल डिटेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

राजकीय महाविद्यालय महम प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से कॉलेज के गेट पर मेटल डिटेक्टर खरीदा है। सोमवार से यह मेटल डिटेक्टर कॉलेज गेट पर लगा दिया जाएगा। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. सत्यव्रत सोलंकी ने बताया कि कॉलेज विद्यार्थियों की सुरक्षा के दृष्टिगत यह कदम उठाया गया है।

महाविद्यालयों में कई बार असामाजिक तत्व और हथियारबंद लोग घुस आते हैं और किसी भी तरह की भी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। इसलिए अब कॉलेज परिसर में प्रवेश करने से पहले ही छात्र छात्राओं, स्टाफ सदस्यों, अभिभावकों और आगंतुक को मेडल डिटेक्टर के अंदर से गुजरना होगा। ताकि यदि कोई हथियार हो तो उसी समय उसका पता लाया जा सके। मेटल डिटेक्टर एक ऐसा उपकरण है जो विद्युत चुम्बकिय क्षेत्र का उपयोग करके धातु की वस्तुओं जैसे की छिपे हुए हथियारों का पता लगाता है। यह उपकरण धातु डिटेक्टर पर उत्पन्न होने वाली एड़ी धाराओं के कारण सामान्य विद्युत चुम्बकिय क्षेत्र को विकृत कर देता है। यह पोर्टेबल, टिकाऊ और समायोज्य उपकरण है, जो बिना किसी शारीरिक संपर्क के हथियारों का पता लगाने में मदद करता है।

## 'बीजगणित और कोडिंग सिद्धांत' पर हुआ व्याख्यान

- एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. जगबीर सिंह ने डिजिटल संचार और डेटा सुरक्षा में बीजगणित की भूमिका बताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय अस्थल बोहर के गणित विभाग में "बीजगणित और कोडिंग सिद्धांत में इसके अनुप्रयोग" विषय पर एक विस्तारित व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विज्ञान संकाय के गणित विभाग के भौतिक विज्ञान क्लब द्वारा विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी (आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ) के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, के गणित विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. जगबीर सिंह ने आधुनिक कोडिंग सिद्धांत में बीजगणितीय संरचनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को सरल और प्रभावी ढंग से समझाया। उन्होंने बताया कि डिजिटल संचार प्रणालियों में डेटा के सुरक्षित और विश्वसनीय संप्रेषण के लिए त्रुटि पहचान और त्रुटि सुधार तकनीकों का उपयोग किया जाता है, जिनका आधार बीजगणितीय सिद्धांतों पर आधारित होता है। डॉ. जगबीर सिंह ने बीजगणितीय कोडिंग सिद्धांत की मूलभूत अवधारणाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि बहुपद, परिमित क्षेत्र और अन्य बीजगणितीय विधियां विश्वसनीय संचार प्रणालियों के निर्माण में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कोडिंग सिद्धांत का उपयोग मोबाइल संचार, उपग्रह संचार, इंटरनेट डेटा ट्रांसमिशन तथा आधुनिक डेटा भंडारण तकनीकों में व्यापक रूप से किया जा रहा है।

#### विभिन्न विभागों के संकाय सदस्यों ने भाग लिया

कार्यक्रम में प्रो. प्रवीण भट्ट, प्रो. विनोद भाटिया, प्रो. कमल कुमार सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। लगभग 60 से 70 प्रतिभागियों ने सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया तथा चर्चा सत्र के दौरान मुख्य वक्ता से प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन प्रो. संगीता मलिक, प्रभारी भौतिक विज्ञान क्लब, के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने कार्यक्रम के संयोजक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि कार्यक्रम की आयोजन सचिव प्रो. पूजा भाटिया रहीं। उनके प्रयासों से कार्यक्रम का सफल और सुचारू संचालन सुनिश्चित हुआ।

### महम बाइपास पर बेरी रोड पर बनेगा बस स्टैंड

**महम।** महम में नया बस स्टैंड भवन बनवाने की मांग को लेकर स्थानीय भाजपा नेता पिछले कई महीने से प्रयास कर रहे हैं। भाजपा नेता अजीत अहलावत ने बताया कि कुछ महीने पहले वे रोहतक रोडवेज के महाप्रबंधक विपिन कुमार से मिले थे। विपिन कुमार अब महम के एसडीएम हैं। उनको अच्छी तरह पता है कि महम में बस स्टैंड भवन न होने से यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने रोडवेज जीएम रहते हुए महम के लोगों की इस समस्या को ध्यान से सुना था। भाजपा नेता अजीत अहलावत ने कहा है कि यह बस अड्डा महम से बेरी बहलबा रोड पर किशनगढ़ ग्राम पंचायत की जमीन पर बनाया जाना चाहिए। ताकि लोगों को आवागन में सुविधा हो सके। खरकड़ा गांव निवासी जयप्रकाश ने भी बस स्टैंड को शहर के पूर्व दिशा में बनाए जाने की मांग की है। कहा है कि रेलवे स्टेशन पहले से ही शहर से अधिक दूरी पर है। यदि अब बस स्टैंड भी शहर के दूर बना दिया जाएगा, तो यात्रियों को परेशानी होगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धांजलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिए अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 से.मी<br>10×8 से.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## नियमित दमकल कर्मियों ने राज्य स्तरीय हड़ताल का किया ऐलान, जताया रोष

- 8-9 अप्रैल को दो दिवसीय हड़ताल में लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



रोहतक। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा शाखा और हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के सदस्य।

नियमित दमकल कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर राज्य स्तरीय हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है। इस संबंध में रविवार को कर्मचारी भवन, सुखपुरा चौक रोहतक में नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा शाखा और हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन की राज्य स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राज्य प्रधान राजेंद्र सिन्द ने की, जबकि संचालन महासचिव गुलशन भारद्वाज ने किया। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए दमकल कर्मचारियों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ रोष जताते हुए 8 और 9 अप्रैल को प्रस्तावित राज्य स्तरीय हड़ताल में भाग लेने का निर्णय लिया। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में फरीदाबाद के दमकल कर्मचारी भवी चंद शर्मा और रणवीर सिंह को शहीद का दर्जा देना, उनके परिवारों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देना शामिल है। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा और नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री सहित अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की मांगों को लगातार नजरअंदाज कर रही है। इसके अलावा ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के तहत कर्मचारियों के दूरदराज तबादले किए जा रहे हैं, जिसका कर्मचारी विरोध कर रहे हैं। फायर यूनियन के राज्य प्रधान राजेंद्र सिन्द ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया तो 8–9 अप्रैल की हड़ताल को अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदला जा सकता है।



रोहतक। उल्लास कार्यक्रम के तहत परीक्षा देते लर्नर। फोटो : हरिभूमि

#### उल्लास योजना के तहत 1607 लर्नर्स ने परीक्षा दी

**रोहतक।** शिक्षा विभाग की ओर से रविवार को उल्लास योजना के तहत चौथे चरण की परीक्षा करवाई गई। जिले में विभाग ने 2,000 लर्नर (सीखने वालों) का पंजीकरण किया था जिनमें से 1607 लर्नर ने परीक्षा दी। विभाग के अनुसार, जिले में 110 केंद्रों पर यह परीक्षा हुई जिनमें महिला लर्नर में हिस्सेदारी अधिक रही। जिला अधिकारी ने बताया कि पंजीकृत निरक्षकों व लर्नर को प्रथम चरण के तहत गिनती व हिंदी में लिखना-पढ़ाना सिखाया जाता है। इसके बाद निरक्षकों के पेपर लिए जाते हैं। नोडल अधिकारी उल्लास दीपक अरोड़ा ने बताया कि विभाग के निर्देशानुसार लर्नर को वॉलंटियर की ओर से अक्षर व गुणा-जोड़ का ज्ञान दिया गया था। इसी के तहत चौथे चरण की परीक्षा में रविवार को लर्नर ने हिस्सा लिया। इन लर्नर का विभाग की ओर से प्रमाण पत्र भी जारी किया जाएगा।

## 18 को बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा के चुनाव, तैयारियां पूरीं

# रोहतक के 4167 एडवोकेट डालेंगे वोट, बनाए छह बूथ

- प्रशासन ने पूरी की तैयारियां, पुलिस बल रहेगा तैनात
- झूठा प्रचार करने पर रोहतक के एडवोकेट का लाइसेंस सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा के 18 मार्च को होने वाले चुनाव के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। रोहतक कोर्ट परिसर में सुबह 9 से सायं 5 बजे मतदान होगा। इसके लिए यहां छह बूथ बनाए जाएंगे। मतदान में रोहतक के 4167 एडवोकेट भाग लेंगे। एक दिन पहले ही बूथ तैयार दिए जाएंगे। चुनाव के लिए हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ के 157 सदस्य मैदान में पूरी ताकत से उतरे हुए हैं। प्रत्याशी रोजाना अधिवक्ताओं से मुलाकात कर वोट की अपील कर रहे हैं। इनमें से 23 सदस्य चुने जाएंगे, जो बाद में चेयरमैन और वाइस चेयरमैन तय करेंगे। प्रशासन ने चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की है। कोर्ट परिसर में साफ-सफाई तथा मूवेबल टॉयलेट की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक मतदान केंद्र पर पुलिस कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। बैलेट बॉक्स व चुनाव सामग्री को सुरक्षित रूप से लाने तथा मतदान उपरांत सीलबंद बैलेट बॉक्स को लॉ भवन सेक्टर-37-ए चंडीगढ़ में जमा करवाने के लिए सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं।




#### मंडल आयुक्त के ओएसडी चुनाव के नोडल अधिकारी नियुक्त

मंडल आयुक्त के ओएसडी को उक्त चुनाव के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो चुनाव नियमों के अनुसार संपूर्ण प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षण अभियंता को मतदान दिवस पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा पीडब्ल्यूडी (भवन एवं सड़क) अधीक्षण अभियंता को मतदान से एक दिन पूर्व आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग करवाने के निर्देश दिए गए हैं।

#### प्रचार के दौरान एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी

चुनाव के दौरान प्रत्याशी और उनके समर्थन एक दूसरे पर भी आरोप प्रत्यारोप लगा रहे हैं। इस दौरान बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा के पूर्व चेयरमैन विजेंद्र सिंह अहलावत के खिलाफ एफआईआर का झूठा प्रचार करने पर अनुशासन कमेटी के समक्ष शिकायत की गई। शिकायतकर्ता विजेंद्र सिंह अहलावत की तरफ से बताया गया कि यह एफआईआर पहले ही खारिज हो चुकी है। अब बेवजह इसका प्रचार किया जा रहा है। कमेटी ने जांच में प्रचार करने वाले एडवोकेट के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसका लाइसेंस सस्पेंड करने के आदेश दिए हैं।

#### 23 सदस्यों के लिए 157 उम्मीदवार मैदान में

चुनाव के लिए 17 मार्च को ही छह मतदान केंद्र बना दिए जाएंगे। बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा के 23 सदस्यों के लिए चुनाव होगा। इसमें पांच महिलाएं और 18 पुरुष सदस्य चुने जाएंगे। दो महिलाएं चुनी जाएंगी। चुनाव में 157 उम्मीद्वार उतरे हुए हैं। सदस्य चुने जाने के बाद चेयरमैन, वाइस चेयरमैन सहित अन्य पदाधिकारियों का चयन होगा। इसके अलावा हरियाणा और पंजाब के एडवोकेट जनरल भी चेयरमैन, वाइस चेयरमैन चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। रोहतक बार एसोसिएशन के 4167 एडवोकेट चुनाव में भाग लेंगे।

**-दीपक हुड्डा, प्रधान, जिला बार एसोसिएशन, रोहतक**